स्मार्ट सिटी सहारनपुर



# स्वच्छ धरा

नगर निगम का द्विमासिक ई-बुलेटिन




आर्थिक संवृद्धि वृक्षारोपण कौशल विकास

वर्ष–1 | अंक–1 | मई–जून 2020

संरक्षक : महापौर श्री संजीव वालिया संपादक : नगरायुक्त श्री ज्ञानेन्द्र सिंह (पी.सी.एस.) कार्यकारी संपादक : डॉ. वीरेन्द्र 'आज़म'

## संपादक की बात आपके साथ



### हमने डरकर नहीं डटकर मुकाबला किया

नगर निगम का अपना द्विमासिक ई–बुलेटिन 'स्वच्छ धरा' आपको सौंपते हुए मुझे एक सुखद अनुभूति का अहसास हो रहा है। हम अपनी बात ठीक से कह सकें और आप तक पहुँचा सकें इसके लिए यह आवश्यक था कि निगम का अपना एक बुलेटिन हो, चूँकि समाचार पत्रों की अपनी–अपनी नीति और सीमाएं हैं। फिलहाल इसे द्विमासिक रखते हुए ई–बुलेटिन के रुप में प्रकाशित किया जा रहा है।

लॉक डाउन के दौरान नगर निगम ने विभिन्न क्षेत्रों में अनेक नये आयाम स्थापित किये हैं, जिनकी गूँज जिले के हर वर्ग–संप्रदाय से लेकर प्रदश और देश के फलक तक सुनाई दे रही है। सहारनपुर वैश्विक महामारी कोरोना से मजबूती से लड़ने वाला जिला है। जून माह तक सहारनपुर कोरोना से काफ़ी हद तक रक्षित रहा, संरक्षित रहा, व्यवस्थित रहा। हमारी कोशिश रही हम जो भी करें बेहतर से बेहतर और व्यवस्थित रुप में करें। और हम इसमें कामयाब भी रहे। मार्च में प्रदेश शासन से एसओपी आने के बाद हमने संकल्प लिया कि हम डरकर नहीं डटकर मुकाबला करेंगे और अपने शहर को कोरोना से बचाव के लिए हर वह कोशिश करेंगे जो आवश्यक है। और हमने यही किया भी। अपने सभी संसाधनों के साथ युद्ध स्तर पर निगम ने हॉट स्पॉट क्षेत्रों, संवेदनशील स्थानों के अतिरिक्त पूरे महानगर में साफ–सफाई और चूना, मेलाथियान, एंटी लार्वा, ब्लीचिंग व सैनेटाईजेशन के छिड़काव से एक ऐसा माहौल बनाया कि शहर का हर बाशिंदा कोरोना से जंग में अपने को सुरक्षित महसूस करता रहा। मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि जून महीने तक सहारनपुर में एक भी मौत न होना और कोरोना पीड़ित मरीजों की 86 फीसदी रिकवरी के साथ पूरे सूबे में यदि सहारनपुर अव्वल रहा है तो उसमें जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के साथ निगम के प्रयासों की भी बड़ी भूमिका रही है।

महानगर में दानदाताओं एवं सामाजिक व आध्यात्मिक संस्थाओं से सामुदायिक रसोई के जरिये चाहे दो माह में गरीबों एवं जरुरतमंदों तक आठ लाख भोजन पैकेट पहुँचाने का जादुई आंकड़ा छूने की बात हो या आईएमए के सहयोग से संचालित टेली मेडिसिन के जरिये अनेक राज्यों के तीन हज़ार रोगियों को घर बैठे निशुल्क उपचार दिलाना हो, हमने अपनी पूरी निष्ठा, समर्पण और सेवाभाव से कार्यो को अंजाम दिया है। यही वजह है कि नगर निगम सहारनपुर हर क्षेत्र में बेमिसाल रहा। सहारनपुर को कार्बन न्यूट्रल बनाने के लिए हमने वृहद वृक्षारोपण अभियान भी शुरु किया है, हजारों वृक्ष लगाए जा चुके हैं और अभियान अभी जारी है, सबसे बड़ी बात ये है कि इसमें भी सामाजिक संस्थाएं और पर्यावरण प्रेमी आगे आ रहे है और अपनी हिस्सेदारी कर रहे हैं।

महानगर में चाहे सफाई व सैनेटाईजेशन का कार्य हो या टेलीमेडिसिन का, भोजन वितरण का कार्य हो या वृक्षारोपण का। मैं आभारी हूं महापौर श्री संजीव वालिया जी का जिनके मार्गदर्शन और सहयोग के बिना ये सब कार्य संभव नहीं थे। मैं आभारी हूँ आईएमए अध्यक्ष डॉ. रजनीश दहूजा व उन सभी चिकित्सकों का, जिनके सहयोग से हम टेली मेडिसिन के जरिये हजारों लोगों को निशुल्क चिकित्सा सेवा दे सके। आभारी हूँ उन सब मान्य पार्षदों, संस्थाओं, दानदाताओं व कर्मचारियों का जिनके सहयोग से हम आठ लाख भोजन पैकेट वितरण का बड़ा अभियान सफलता के साथ पूरा कर सके। साथ ही आभारी हूँ अपने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों, विशेष कर सफाई कर्मचारियों का जिन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर महानगर में सफाई और सैनेटाईजशन की दृष्टि से एक कीर्तिमान स्थापित किया। आशा है भविष्य में भी आप सबका सहयोग मुझे ऐसे ही मिलता रहेगा और हम सब एक साथ मिलकर निगम व शहर के विकास का रथ यूँ ही आगे बढ़ाते रहेंगे।

(ज्ञानेन्द्र सिंह)

## मेयर की कलम से



### हम हर क्षेत्र में आगे रहे

कोरोना से जंग जीतने के प्रयासों के बीच नगर निगम द्वारा द्विमासिक ई–बुलेटिन का प्रकाशन एक नया और आवश्यक क़दम है। निश्चय ही इस बुलेटिन के माध्यम से नगर निगम अपनी बात लोगों तक स्पष्ट रुप से पहुँचा सकेगा। पिछले तीन सालों में नगर निगम ने विकास की कई नयी ईबारत लिखी हैं लेकिन अनुकुल मंच के अभाव में हम अपनी उपलब्धियाँ ठीक से जनता तक नहीं पहुँचा पाये। जो लोग चार–पाँच साल बाद सहारनपुर आये है, वे सहारनपुर में एक बड़ा परिवर्तन देख रहे हैं। निगम ने पिछले तीन सालों में अपने को भी संवारा है और शहर को भी। निगम परिसर पहले से काफी परिवर्तित है। दिल्ली रोड़ सहित शहर के अनेक मार्गो का चौड़ीकरण और सौन्दर्यीकरण इस बात का साक्षी है कि हम लगातार विकास की सीढ़िया चढ़ रहे हैं। कोरोना की दस्तक आयी तो सहारनपुर नगर निगम प्रदेश का पहला ऐसा बोर्ड रहा जिसने बोर्ड की बैठक बुलाकर मान्य पार्षदों के माध्यम से महानगर को कोरोना से बचाव के लिए सजग किया। हमारे सामने ये भी चुनौती थी कि हमारे कर्मचारी स्वस्थ रहते हुए अपने कार्य को अंजाम दें, इसके लिए सभी सफाई कर्मचारियों को पीपीई किट उपलब्ध कराने के अलावा विटामिन सी की गोलियां, च्यवनप्राश और साबुन व काढ़ा उपलब्ध कराया गया। लॉकडाउन में रोजगार से वंचित लोगों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए हमारे प्रयास पूरे प्रदेश में मिसाल बने। मान्य पार्षदों व अपने कर्मचारियों के माध्यम से हमने व्यवस्थित ढंग से भोजन वितरण का कार्य कराया। यहाँ तक कि कंट्रोल रुम के अलावा मुख्यमंत्री पोर्टल/जनसुनवाई पोर्टल तथा डीएम कंट्रोल रुम पर आने वाली डिमांड पर भी भोजन के पैकेट भिजवाए गए। करीब दो महीने तक चली इस व्यवस्था के अंतर्गत बिना कोई सरकारी धन व्यय किये नगर निगम गरीबों, असहायों व वंचितों तक आठ लाख भोजन पैकेट पहुंचाने में सफल रहा, जो अपने आप में बेमिसाल है।

इसी तरह निगम द्वारा आईएमए के सहयोग से निगम परिसर में ही एक टेलीमेडिसिन सेंटर शुरू कर सवा सौ चिकित्सकों को जोड़ते हुए चिकित्सा सेवा के इतिहास में एक ऐसी स्वर्णिम इबारत लिखी गयी जिसे देश भर में पढ़ा गया। निगम की ये टेली मेडिसिन सर्विस इतनी लोकप्रिय हुयी कि उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, उत्तराखंड, म.प्र, छत्तीसगढ़ व कर्नाटक आदि राज्यों के रोगियों ने भी इस सर्विस का लाभ उठाया। उप्र शासन से नियुक्त नोडल अधिकारी श्री पी गुरु प्रसाद भी इस सेवा की सराहना किये बिना नहीं रह सके। सफाई कार्यो में भी निगम एक बड़े कोरोना योद्धा के रुप में उभर कर सामने आया। लेकिन ये सब जन सहयोग से ही संभव हो सका। हम पहल करते रहे, लोग साथ आते रहे और कारवां बनता गया। कहना चाहिए हम हर क्षेत्र में आगे रहे हैं। अपने महानगर की जनता, सम्मानीय पार्षदों, अधिकारियों व कर्मचारियों तथा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से जिनका हमें सहयोग मिला है उनका सबका आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद करता हूँ कि आगे भी हम जनता के सहयोग से बेहतर करेंगे। बुलेटिन के प्रकाशन पर सम्पादक श्री ज्ञानेन्द्र सिंह व कार्यकारी सम्पादक डॉ. वीरेन्द्र आज़म को बधाई एवं शुभकामनाएं।

(संजीव वालिया)

## कोरोना योद्धाओं का सम्मान














# युद्ध स्तर पर चला सफाई – फॉगिंग और सैनेटाइजेशन अभियान

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कोरोना के संदर्भ में एसओपी जारी होने के बाद से ही नगर निगम सहारनपुर ने महानगर में सफाई आदि व्यवस्थाओं को दुरूस्त करते हुए मेयर श्री संजीव वालिया के दिशा निर्देशन और नगरायुक्त श्री ज्ञानेन्द्र सिंह के नेतृत्व में युद्ध स्तर पर सफाई और सैनेटाइजेशन अभियान शुरू कर दिया गया था। अभियान में निगम द्वारा अपने सभी संस्थानों के साथ लगभग दो हज़ार कर्मचारियों को सफाई, चूना–ब्लीचिंग व मेलाथियान और सैनेटाइजेशन के छिड़काव में लगाया गया। सभी हॉट स्पॉट क्षेत्रों, बैंको, डाकघरों, सरकारी कार्यालयों, कलक्ट्रेट, कचहरी, बाल व महिला सुधार गृहों, वृद्धा आश्रमों और धार्मिक स्थलों के अतिरिक्त महानगर के सभी सत्तर वार्डो में सफाई के साथ– साथ चूना–ब्लीचिंग व मेलाथियान और सैनेटाइजेशन का छिड़काव हर रोज़ निरंतर कराया गया।

निगम का प्रयास यह रहा कि प्रत्येक वार्ड की हर गली के आखरी मकान तक सफाई और चूना तथा सैनेटाजेशन का छिड़काव किया जाये। सैनेटाईजेशन के लिए एक दर्जन वाहनों के अतिरिक्त सौ से अधिक कर्मचारी हैण्ड स्प्रे मशीनों के साथ नियुक्त किये गए। इसके अतिरिक्त हर रोज़ रोस्टर के अनुसार दस–दस वार्डो में विशेष सैनेटाइजेशन अभियान और हर रोज़ छह वार्डो में फॉगिंग अभियान चलवाया गया। महानगर के सफाई की इसी कड़ी में जेसीबी व पोकलेन मशीनों की सहायता से कूड़ा उठान और नाले–नालियों का सफाई अभियान भी चलाया गया।

निगम के सभी कर्मचारी स्वस्थ रहते हुए अपने कार्य को सही ढंग से अंजाम दे सकें इसके लिए सभी कर्मचारियों को आई.टी.सी. के सहयोग से सेवलॉन साबुन का वितरण करने के अलावा निगम द्वारा विटामिन सी की गोलिया, च्यवनप्राश और काढ़ा आदि दिया गया। हॉट स्पाट क्षेत्रों व सैनेटाइजेशन आदि कार्य में लगे लगभग एक हज़ार कर्मचारियों को पीपीई किट भी उपलब्ध कराए गए। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए.के.त्रिपाठी व मुख्य खाद्य एवं सफाई निरीक्षक श्री अमित तोमर जहाँ पूरे अभियान पर नज़र रखे रहे वहीं नगरायुक्त श्री ज्ञानेन्द्र सिंह स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे।

### पाँवधोई नदी सफाई अभियान

सहारनपुर की ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और प्राचीन महत्व की नदी " पाँवधोई " को प्रदूषण मुक्त कर उसके प्राचीन स्वरूप को लौटाने के लिए सफाई अभियान की शुरूआत की गई। मेयर श्री संजीव वालिया, नगरायुक्त श्री ज्ञानेन्द्र सिंह और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री तेज कुमार क्वात्रा द्वारा नारियल फोड़कर सफाई अभियान की शुरूआत की गई। इस अवसर पर पार्षद श्री नन्द किशोर शर्मा, श्री भूरा सिंह प्रजापति, श्री संदीप गुप्ता व पार्षद कु. ज्योति अग्रवाल के अतिरिक्त पाँवधोई समिति के पदाधिकारी और शहर के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। मेयर श्री संजीव वालिया के निर्देश पर नगर निगम द्वारा धोबी घाट क्षेत्र से अतिक्रमण भी हटाया गया।



नारियल फोड़कर अभियान की शुरूआत मेयर श्री संजीव वालिया



पाँवधोई नदी की सफाई

# जनांदोलन बन रही सहारनपुर को कॉर्बन न्यूट्रल बनाने की निगम की मुहिम

**सहारनपुर।** सहारनपुर को कॉर्बन न्यूट्रल बनाने की नगर निगम की मुहिम जनांदोलन बन रही है। मुहिम से जहाँ पार्षद और शैक्षिक संस्थाएं लगातार जुड़ रही हैं वहीं विभिन्न सामाजिक संस्थाएं और अनेक पर्यावरण प्रेमी भी आगे आ रहे हैं। निगम की मुहिम से रेलवे भी जुड़ गया है। नगर निगम महानगर में वृहद वृक्षारोपण अभियान चला रहा है।

यूँ तो पूरे सूबे में वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है लेकिन इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता ये है कि यह औपचारिक न होकर व्यवहारिक है। जिस क्षेत्र में भी वृक्ष लगाये जा रहे हैं, उस क्षेत्र के लोगों की भागेदारी भी करायी जा रही है, ताकि लगाए गए वृक्षों का पोषण और संरक्षण भी हो सके। अनेक बच्चे भी इस मुहिम में आगे आकर न केवल भागीदार बने है बल्कि उन्होंने अपने क्षेत्र में लगाए गए वृक्षों के पालन पोषण का संकल्प भी लिया है।

नगरायुक्त श्री ज्ञानेन्द्रसिंह ने लोगों को वृक्षारोपण के प्रति जागरुक करने के लिए एक नारा दिया–'आप हमें जमीन दो हम आपको वृक्ष और माली देंगे'। इसका लोगों पर जबरदस्त प्रभाव पड़ा, अनेक सामाजिक संस्थाएं और पर्यावरण प्रेमी आगे आए और उन्होंने नगर निगम को उन पार्को, तालाबों और सड़कों की सूची सौंपनी शुरु कर दी जहाँ वृक्षारोपण हो सकता है। इतना ही नहीं अनेक संस्थाओं ने निगम की वृक्षारोपण मुहिम से जुड़कर हजारों वृक्ष भी निगम को भेंट किये है।

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को श्री सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से शुरु हुई इस मुहिम का परिणाम ये है कि गत करीब दो माह में जो हजारों वृक्ष लगाए गए हैं उनमें फलदार, छायादार और गुलमोहर जैसी शोभाकारी प्रजातियों को शामिल करने के अलावा नीम और पीपल के वृक्षारोपण पर भी बल दिया गया है। महानगर के दर्जनों तालाबों और पार्को के अलावा महानगर की प्रमुख सड़कों के किनारे भी हरी पट्टियां विकसित की जा रही हैं। जो वृक्ष लगाये जा रहे हैं उनमें बोतलपाम, फाईकल बैंजमिना, कुरेजिया, चकरेशिया, रेट्रुशा, मोलसरी, कदम, नीम, पीपल, रुद्राक्ष, जामुन, शीशम, बोतल ब्रश, गुलमोहर, टिकोमा गोरी चोरी, सिलवर, कनक चम्पा आदि शामिल हैं। मेयर श्री संजीव वालिया लोगों को वृक्षारोपण करते हुए समझा रहे हैं कि यदि हमें अपना व अपनी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित करना है तो नीम, बरगद, पीपल, सहजन आदि के वृक्ष लगाने होंगे। उन्होंने कहा कि केवल वृक्ष ही इंसान से निस्वार्थ रिश्ता रखते हैं। वे व्यक्ति को औषधियाँ, ऑक्सीजन, ताजे फल व ईंधन के अलावा कीमती लकड़ी देते है और पर्यावरण का संतुलन बनाये रखते है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे वृक्षों का महत्व समझें और हर आदमी वृक्षारोपण में भागेदारी करें।

नगरायुक्त श्री ज्ञानेन्द्र सिंह वृक्षारोपण पर जोर देकर बता रहे हैं कि बढ़ते प्रदूषण से यदि महानगर और अपने परिवेश को बचाना है तो वृक्षारोपण करना ही होगा। वे लोगों को कुछ इस तरह समझाते हैं कि हमारी भावी पीढ़ी के सुखद भविष्य का आधार ताजी हवा और शुद्ध पेयजल ही है। उनका कहना है कि यदि वातावरण शुद्ध होगा तो हवा ताजी मिलेगी और लोग भी स्वस्थ रहेंगे। नगरायुक्त का कहना है कि प्रकृति ईश्वरीय रचना है, और जब हम वृक्षारोपण कर रहे होते हैं तो ईश्वरीय कार्य करते हुए अपने बच्चों का भविष्य भी सुरक्षित कर रहे होते हैं। वह शिक्षण संस्थाओं में वृक्षारोपण करते हुए विद्यालय परिसरों में हर्बल गार्डन विकसित करने पर भी बल देते है और उनके गुणों से बच्चों को अवगत कराने का सुझाव देते है। कस्तूरबा गांधी विद्यालय में उन्होंने प्रधानाचार्या रेखा रानी को कुछ इसी तरह का सुझाव दिया। उनका कहना है कि यदि लोग अपने अपने घर एक एक पौधा भी लगाएं तो सहारनपुर कार्बन न्यूट्रल हो जायेगा।



**श्री सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कर सहारनपुर को कार्बन न्यूट्रल बनाने के अभियान की शुरूआत करते मेयर श्री संजीव वालिया, नगरायुक्त श्री ज्ञानेन्द्र सिंह और कॉलेज प्रबन्ध समिति के पदाधिकारी**



← सहारनपुर के वार्ड 34 में वृक्षारोपण अभियान से जुड़कर वृक्ष लगाते क्षेत्र के बच्चे। साथ में नगरायुक्त श्री ज्ञानेन्द्र सिंह, पार्षद प्रतिनिधि श्री दिग्विजय सिंह, राजऋषि पर्यावरण समिति की अध्यक्ष सुषमा बजाज व ऐरॉन ऐजुकेशन सोसायटी की अध्यक्ष रश्मि टेरेंस और क्षेत्र के अन्य लोग।








# बेमिसाल : नगर निगम ने किए आठ लाख भोजन पैकेट वितरित

- दानदाताओं और संस्थाओं के सहयोग से दो माह तक चला अभियान
- मेयर व नगरायुक्त ने सभी संस्थाओं, दानदाताओं व मीडिया का जताया आभार

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा लॉकडाउन के दौरान सहारनपुर पूरे प्रदेश में एक मिसाल के रूप में चर्चा में रहा। चाहे वह सफाई व्यवस्था हो, टेली मेडिसन हो या भोजन वितरण, सभी क्षेत्रों में नगर निगम ने नए आयाम स्थापित किए हैं। लगातार दो माह तक दर्जनों संस्थाओं और दानदाताओं के सहयोग से निगम द्वारा करीब आठ लाख भोजन के पैकेट असहायों एवं जरूरतमंदो के बीच वितरित कराए गए।

मेयर श्री संजीव वालिया के दिशा निर्देशन और नगरायुक्त श्री ज्ञानेन्द्र सिंह के नेतृत्व में 27 मार्च को नगर निगम द्वारा विभिन्न संस्थाओं द्वारा संचालित सामुदायिक रसोईयों के सहयोग से जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरण का कार्य शुरू किया गया। प्रारम्भ में यह व्यवस्था तीन हज़ार भोजन पैकेट वितरण से शुरू हुई थी, लेकिन बाद में हर रोज़ 18-19 हज़ार पैकेट वितरित किए गए। लॉकडाउन के दौरान राधा स्वामी सत्संग भवन पिलखनी द्वारा एक लाख 46 हज़ार, प्रभु जी की रसोई द्वारा एक लाख 28 हज़ार, आई.टी.सी. द्वारा करीब साढ़े 78 हज़ार, आई.टी.सी. के सहयोग से संचालित सामुदायिक केंद्र हकीकत नगर द्वारा करीब 70 हज़ार, शिवधाम द्वारा करीब 69 हज़ार, हेल्पिंग हैंड्स यूनिट द्वारा करीब 28 हज़ार, बाजोरिया कॉलेज प्रबंध समिति द्वारा लगभग 27 हज़ार, सावन कृपाल आश्रम द्वारा साढ़े 22 हज़ार, एसडीए द्वारा 15 हज़ार, स्टार पेपर मिल द्वारा साढ़े 13 हज़ार, गुरूद्वारा रेलवे रोड द्वारा लगभग 10 हज़ार भोजन के पैकेट नगर निगम को उपलब्ध कराए गए।





मेयर श्री संजीव वालिया और नगरायुक्त श्री ज्ञानेंद्र सिंह ने सभी सहयोगी संस्थाओं व दानदाताओं के अलावा भोजन वितरण में लगे सभी पार्षदों, समाजसेवियों, संस्थाओं तथा सहयोग के लिए मीडिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सबके सहयोग से ही यह महाअभियान संपन्न हो सका है। मेयर श्री संजीव वालिया के मुताबिक उक्त संस्थाओं के आतिरिक्त वाणिज्य कर विभाग, तहसीलदार सदर (के.आर. प्लाज़ा), सीनियर सिटीज़न वेलफेयर सोसायटी, एफ.बी.डी. ग्रुप, खेमका सदन, ईस्ट सिद्धि मंदिर बैंक कॉलोनी, बाबा रिज़कदास मंदिर, कामधेनु कॉम्पलेक्स, माँ शाकुम्भरी सेवा संस्थान पार्षद अंकुर अग्रवाल, पार्षद कार्तिक चौहान, सारिका गुप्ता क्लेमनटाउन, गोपाल मंदिर सेवा समिति, गुरूजी की रसोई, आर्शीवाद रसोई, अग्रवाल धर्मशाला, गुरूद्वारा ज्वाला नगर, गढ़वाल सभा नवीन नगर, सहारनपुर हौज़री मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन, सिद्धेश्वर महादेव ट्रस्ट, प.उ.प्र. संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल, चपाती बैंक मनीष अरोड़ा, अ.भा. रोहिला क्षत्रिय विकास परिषद टपरी, एस.डी.ए. आर्किटेक्ट संघ, अन्नपूर्णा भगवती कॉलोनी, पैरामाउण्ट दिल्ली रोड़, के.एल. मेहता मीरकोट, हुंडई ऐजेन्सी सड़क दूधली, सांझा चूल्हा लेबर कॉलोनी, साउथ सिटी, चीनी मिल सरसावा, माँ भगवती वेलफेयर सोसायटी चर्च कंपाउण्ड, होटल एसोसिशन सहारनपुर, मोहित विहार, माधो नगर, शेखपुरा कदीम पंचायत भवन, उनाली गांव, रामविहार कॉलोनी मल्हीपुर रोड आदि संस्थाओं ने भी भोजन उपलब्ध कराने में अपना सहयोग दिया।

इनके अतिरिक्त डॉ. पंकज खन्ना माधो नगर, सुभाष सैनी प्रधान सबदलपुर, राधेश्याम रोहिला सबदलपुर, शेखर ठकराल ज्वाला नगर, राजा ठेकेदार शमादार, संदीप मित्तल, महेश शर्मा न्यू आवास विकास, प्रेमपुरम बैंक कॉलोनी, राजा हनीत सिंह, सुदेश सिंह नवीन नगर, सतीश सैनी बनीखेड़ा, आलोक तुली बालाजी घाट, ललित नारायण शर्मा, सौरभ भारद्वाज लेबर कॉलोनी, आशु धवन, आसिफ हवारी लिंक रोड, आशीष चौधरी हलालपुर, जयराम गौतम, दीपक गोयल गोविंद नगर, अतुल कुमार शारदानगर, अनवर सादात सफाई नायक, अक्षय कपिल नगर निगम, परम बतरा, इंद्र मल्होत्रा, विनोद बंसल बालाजी पुरम, पवन गुप्ता कांकरकुई, मोहर्रम अली पप्पू आदि का भी निगम को भोजन उपलब्ध कराने में सहयोग रहा है।

# ट्रेनों और बसों में भी प्रवासी श्रमिकों को निगम द्वारा वितरित किये गए भोजन के पैकेट

**सहारनपुर।** सहारनपुर जिले की सीमाएं हरियाणा, हिमाचल और उत्तराखण्ड की सीमाओं से लगती है। पंजाब, चण्डीगढ़ आदि के लोगों का पूर्वांचल जाने का रास्ता भी सहारनपुर होकर ही जाता है। उक्त राज्यों से अपने घरों (पूर्वांचल और बिहार) को लौटने वाले प्रवासी श्रमिकों की एक बड़ी तादाद सहारनपुर होकर ही अपने घरों को लौटी है। बसों और ट्रेनों से घर लौटते इन श्रमिकों को भी नगर निगम द्वारा भोजन के पैकेट वितरित किये गए। इसके अतिरिक्त पेयजल, बच्चों के लिए बिस्किट और चॉकलेट आदि भी वितरित की गयी।




सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर प्रवासी श्रमिकों को भोजन के पैकेट और पानी की बोतले वितरित करते मेयर श्री संजीव वालिया



सहारनपुर कोर्ट रोड पर बसों में प्रवासी श्रमिकों को भोजन पैकेट वितरित करने के दौरान श्रमिकों के बच्चों से कुशल क्षेम पूछते नगरायुक्त श्री ज्ञानेन्द्र सिंह

# निगम ने टेली मेडिसिन से तीन हज़ार रोगियों को घर बैठे उपलब्ध कराया नि:शुल्क इलाज



नगर निगम के टेलीमेडिसिन सेन्टर के जरिए रोगियों की कॉल चिकित्सकों को अग्रसारित करते ऑपरेटर तथा टी.वी. स्क्रीन पर उपलब्ध कुछ चिकित्सक।



नगर निगम सहारनपुर के टेलीमेडिसिन सेन्टर का निरीक्षण करते शासन द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी श्री पी. गुरू प्रसाद साथ में डी.एम. अखिलेश सिंह व नगरायुक्त श्री ज्ञानेन्द्र सिंह

**सहारनपुर।** लॉकडाउन के दौरान नगर निगम द्वारा आई.एम.ए. के सहयोग से संचालित टेली मेडिसिन सर्विस द्वारा करीब तीन हज़ार लोगों को घर बैठे निशुल्क ईलाज उपलब्ध कराया गया। उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश , छत्तीसगढ़, हरियाणा, उत्तराखण्ड, और उड़ीसा आदि राज्यों के रोगियों ने घर बैठे वरिष्ठ चिकित्सकों से नि:शुल्क इलाज का लाभ उठाया।

मेयर श्री संजीव वालिया और नगरायुक्त श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ने टेली मेडिसिन सर्विस में सहयोग के लिए आई.एम.ए. से सम्बद्ध सभी वरिष्ठ चिकित्सकों के अलावा टेली मेडिसिन सर्विस को अपनी नि:शुल्क सेवा उपलब्ध कराने वाले होम्योपैथी, यूनानी व आयुर्वेदिक चिकित्सकों का आभार जताया। मेयर श्री संजीव वालिया व नगरायुक्त श्री ज्ञानेन्द्र सिंह के दिशा निर्देशन में वैश्विक महामारी कोरोना के कारण लॉकडाउन में लोगों को वरिष्ठ चिकित्सकों से बेहतर उपचार दिलाने के लिए नगर निगम ने आई.एम.ए. के सहयोग से 11 अप्रैल को टेली मेडिसन सर्विस की शुरूआत की थी। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आई.एम.ए.) से संबद्ध लगभग एक सौ से अधिक वरिष्ठ चिकित्सकों ने नगर निगम को टेली मेडिसन के लिए अपनी नि:शुल्क सेवाएं उपलब्ध करायी। इसके अतिरिक्त होम्योपैथी, आयुर्वेद व यूनानी के भी करीब दो

- **प्रशंसनीय ही नहीं अनुकरणीय भी रही निगम की टेली मेडिसन सर्विस**
- **मेयर व नगरायुक्त ने सहयोग के लिए जताया आई.एम.ए. का आभार**

दर्जन चिकित्सक इस सर्विस से जुड़कर जनसेवा करते रहे। इस बीच करीब तीन हज़ार रोगियों ने घर बैठे नि:शुल्क इलाज का लाभ उठाया। लॉकडाएन के दौरान इस सेवा से जहाँ लोग आने जाने की परेशानी से


3000 रोगियों को घर बैठे इलाज देकर टेली मैडीसिन ने लिया विराम

तीन हजार रोगियों को घर बैठे इलाज देकर टेली मेडिसिन ने
– प्रशंसनीय ही नहीं अनुकरणीय भी रही निगम की टेली मे
– मेयर व नगरायुक्त ने सहयोग के लि

तीन हजार रोगियों को घर बैठे इलाज देकर टेली मेडिसिन ने लिया विराम

तीन हजार रोगियों को घर बैठे इलाज देकर टेली मेडिसिन ने लिया विराम
मेयर व नगरायुक्त ने सहयोग के लिए जताया आईएमए का आभार

हजारों को इलाज देकर टेली मेडिसिन ने लिया विराम
चिकित्सा सेवा

तीन हजार रोगियों ने उठाया टेली मेडिसिन सेवा का लाभ
51 दिन तक सेवा चलाने के बाद निगम ने सेवा को विराम दिया

सहारनपुर। लॉकडाउन में नगर निगम द्वारा शुरू की गई टेली मेडिसिन सेवा को 51 दिन के बाद सोमवार को विराम दे दिया गया। इन 51 दिन में तीन हजार से अधिक रोगियों ने सेवा का लाभ लिया है। निगम का दावा है कि देश के कई राज्यों के लोगों ने सेवा का लाभ उठाया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में महापौर संजीव वालिया और नगरायुक्त ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि टेली मेडिसिन सेवा अब बंद कर दी गई है। उन्होंने आईएमए के चिकित्सकों, टेली मेडिसिन सेवा में नि:स्वार्थ सेवा करने वाले होम्योपैथी, यूनानी और आयुर्वेदिक चिकित्सकों आदि का आभार व्यक्त किया। महापौर और नगरायुक्त ने कहा कि कोरोना का खतरा अभी टला नहीं है। ऐसे में लोग बेवजह बाजारों में न निकलें। यदि निकलें तो सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा पालन करें। मास्क आदि लगाकर निकलें। हाथों को बार-बार साबुन से धुलें। खुद के साथ ही आस-पड़ोस को साफ सुथरा रखें, तभी बीमारियों से बचा जा सकता है।

सहारनपुर नगर निगम द्वारा शुरू की गई यह टेली मेडिसन सर्विस पूरे उत्तर प्रदेश में प्रशंसनीय ही नहीं अनुकरणीय भी रही है। इस सर्विस की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तर प्रदेश के दर्जनों जनपद के लोगों के अतिरिक्त हरियाणा, उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ और झारखण्ड के रोगियों ने भी इसका लाभ उठाया। शासन द्वारा भेजे गए अधिकारी श्री पी. गुरू प्रसाद ने भी टेली मेडिसिन सेंटर का निरीक्षण कर इसकी प्रशंसा की थी। नगर निगम द्वारा यह सेवा शुरू करने का उद्देश्य ये था कि लॉकडाउन के बीच लोगों को उपचार के अभाव में परेशानी का सामना न करना पड़े, और इस उद्देश्य में नगर निगम पूरी तरह सफल रहा है। ■

## नगर निगम की अन्य गतिविधियाँ – कैमरे की नज़र में



नगर निगम द्वारा लॉकडाउन के दौरान कर दाताओं को कर जमा कराने के लिए निगम परिसर में दो विशेष काउन्टर खोले गए। इसके अतिरिक्त पेटीएम सहित अन्य माध्यमों से ऑनलाइन भी टैक्स जमा कराया गया। जून 2020 तक कर दाताओं द्वारा 6 करोड़ 56 लाख 82 हज़ार रूपये जमा कराये गये। इसमें 3 करोड़ 55 लाख 88 हज़ार रूपये ऑनलाईन जमा किये गये।



उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नगर निगम सहारनपुर में मनोनीत दस पार्षदों को सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए मेयर श्री संजीव वालिया द्वारा जनमंच में आयोजित एक समारोह में शपथ दिलाई गई। समारोह में पूर्व सांसद श्री राघव लखनपाल शर्मा, विधायक श्री देवेन्द्र निम, पूर्व विधायक श्री राजीव गुम्बर व भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री राकेश जैन व नगरायुक्त श्री ज्ञानेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।



नगर निगम द्वारा महानगर के सभी वेंडरों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है, ताकि चिन्हित किये गये वेंडर ज़ोन में उन्हें स्थान उपलब्ध कराया जा सके। नगर निगम परिसर में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए पंक्ति में लगे वेंडर